तापमान

अधिकतम 23.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023



13 समाज में मूल्यपरक विकास के लिए होना चाहिए...



14 हितग्राहियों को मिल रहा जनहित से जुड़ी योजनाओं का...






## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब बिक्री के मामले में खल्लारी पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बोधीराम कमार पिता दुकालूराम (26 साल) निवासी धरमपुर रोड किनारे तालाब के पास शराब बेच रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने 25000 एमएल महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट होने से घायल युवक की तुमगांव अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अशोक आवड़े पिता जाहुस (30 साल) निवासी भोरिंग दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### शंकरपुर में जहर सेवन से युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम शंकरपुर के एक युवक की जहर सेवन से मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि गांव के कमलेश भोई पिता मणीराम (22 साल) ने जहर सेवन कर लिया था। जिसे शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गांजर में रामायण कार्यक्रम आज

**नर्रा।** ग्राम गांजर (बागबाहरा) में 20 दिसंबर बुधवार को संध्या 7 बजे से रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जय गुरुदेव मानस परिवार कुड़ेरादादर (जिला गरियाबंद) के कथावाचक कामता प्रसाद महाराज अपनी प्रस्तुति देंगे।



# बंद होने के कगार पर गोबर खरीदी, समूह रोजगार को लेकर चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहित लगते ही पशुपालकों से गोबर खरीदी का कार्य बंद हो चुका है। वहीं, भाजपा सरकार द्वारा इस योजना को बंद करने या चालू रखने के संबंध में किसी तरह का निर्णय सामने नही आने के बाद इसका सबसे ज्यादा असर गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट बनाने में जुटे महिला स्व सहायता समूह पर देखने को मिल रहा है। गोठानों में कार्य कर रहें महिला स्व सहायता समूह में संशय की स्थिति बनी हुई है। उन्हें बेरोजगारी का डर सता रहा है। वैसे स्थितियां देखकर लगता है कि योजना के चालू रखने की उम्मीद कम नजर आ रही है।

## गौठानों में कार्य कर रहे महिला स्वसहायता समूहों में संशय की स्थिति

### समूहों को सता रहा बेरोजगारी का डर

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर व गौमूत्र खरीदी शुरु होने पर गौठान समितियों और स्थनीय महिला समूहों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। लेकिन, सरकार बदलने के बाद अब इन महिलाओं को रोजगार छिनने के साथ ही बेरोजगारी का डर सताने लगा है। महिलाओं की मांग है कि उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए गोधन न्याय योजना को बंद करने के बजाए चालू रखा जाए।



### वर्मी कम्पोस्ट का खरीददार नहीं

सखी सहेली महिला स्व सहायता समूह बम्हनी की अध्यक्ष पार्वती सोनवानी ने बताया कि आचार संहिता से पूर्व समूह द्वारा करीब 400 बोरी वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया गया है, जिसे अब खरीददार नहीं मिल रहा। हालांकि, इसके पूर्व का सभी तरह का भुगतान हो चुका है। लेकिन, बन चुके कम्पोस्ट और आगे यह योजना बंद हो जाएगा कि नहीं, स्पष्ट रूप से कोई नहीं बता रहा।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार द्वारा वर्ष 2020 में गोधन न्याय, योजना लागू किया गया था। गोबर के साथ ही गौमूत्र की खरीदी भी प्रारंभ किया गया। गौठानों में खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के अलावा गोबर से बने पेंट राखी सहित कई प्रकार के सजावटी सामग्री भी तैयार किए जा रहे है। वहीं गौमूत्र से दवाईयां और कीटनाशकों का निर्माण भी किया जा रहा है। इन्हें तैयार करने के लिये कई गौठानों में लाखों की लागत से मशीनरी सामान भी स्थापित किये गए है। विधानसभा चुनाव के लिये आचार संहिता लागू होने के बाद से ही गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य ठप्प पड़ गया है। चुनावी परिणाम आने के बाद भूपेश बघेल सरकार की विदाई हो गई है और राज्य में भाजपा की सरकार सत्ता पर है। हालांकि सरकार ने इस योजना के संबंध में कोई भी नया आदेश अभी तक जारी नहीं किया है।

## सुध: भाजपा सरकार में बने थे जिले के गांवों में अटल चौक

# पांच साल किसी ने नहीं ली सुध, सरकार बदलते ही अटल चौक फिर संवरने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्ष 2018 के चुनाव में प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस के काबिज होते ही जिले के हर ग्राम पंचायत में बनाए गए अटल चौक के देखरेख के अभाव में बदहाल हालत में पहुंच चुका था। कांग्रेस की सरकार थी, जो गोबर खरीदी, गोठान, रीपा, नरवा, घुरूवा, गरूवा, बाड़ी जैसे फ्लैगशिप योजनाओं को लेकर चल रही थी। इसलिए, पूरे पांच साल तक अटल चौक की सुध लेने वाला कोई नहीं था। लेकिन, भाजपा की सरकार आते ही अटल चौक को सजाने का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। जनपदों द्वारा प्राथमिकता के साथ इसकी मरम्मत कर फोटो शेयर करने का आदेश ग्राम पंचायतों को दिया गया है।





2003 में प्रदेश में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण 2004-2005 में शुरू किया गया था। इसके बाद लगातार पांच साल चरणबद्ध रूप से अटल चौक का निर्माण जारी रहा। शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण लंबे समय तक देखरेख नहीं होने से यह अटल चबूतरे अटल चौक टूटने लगे तो कहीं जर्जर होने लगे थे। इसकी देखरेख नहीं होने की वजह से कई चौक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यहां तक कई चौक का नामोनिशान मिट गया है। प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार आने के बाद अटल चौक की सुध ली जा रहीं है। विभिन्न स्थानों के अटल चौक दुरूस्त करने के अलावा रंगरोहन करने के लिए चिन्हांकित करना शुरू कर दिया है।

### 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

भाजपा सरकार द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती है और उस दिन को सरकारी क्षेत्र में पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में मनाता है। नई सरकार का फरमान है कि 25 दिसंबर से पहले सभी पंचायत सचिव इसकी फोटो सहित रिपोर्ट देंगे कि अटल चौकों का रंग रोगन व जीर्णोद्धार कर दिया गया। कई गांवों में यह काम पूर्ण हो चुका है तो कई गांवों में अटल चौक की मरम्मत व रंग रोगन नहीं हुई है।

### अटल चौक की मरम्मत भी नहीं

ग्राम पंचायत झिटकी के मुख्यमार्ग में बने अटल चौक की अभी मरम्मत नहीं हो पाई है। जिसके कारण यह भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इसके अलावा ग्राम बेमचा के मुख्य बाजार में पंचायत भवन के सामने पांच साल पहले बनाये गए, जिसकी मरम्मत का कार्य शुरू करने की बात की जा रही है। जहां पर कांग्रेस समर्थित सरपंच व जनप्रतिनिधि हैं, वे इस काम को कराने में कोताही बरत रहे हैं। वहीं, भाजपा के सरपंच काम शुरू कर चुके हैं।

### सभी जनपद सीईओ को निर्देश जारी

जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक ने बताया कि पंचायतों में बने अटल चौक को साफ-सफाई से लेकर रंग-रोगन के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं। जिले में जितने भी अटल चौक बने है, उनको चिन्हांकित किया जा रहा है। बदहाल चौक और स्तंभ को साफ सुथरा और रंग रोगन किया जाएगा। इसके अलावा जो चौक जीर्णशीर्ण हो चुके हैं, उनका जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं।

# डाककर्मियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे डाक कर्मियों की हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई। बताया जाता है कि विभाग द्वारा कडा रूख अख्तियार किये जाने के बाद हड़ताल समाप्त हुई है।

बता दें कि जिले के जीडीएस, एबीपीएम और बीपीएम केन्द्रीय संघठन के आह्वान पर गत सोमवार से डाककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे और स्थानीय डाक घर परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीण डाककर्मियों की चार मांगें हैं, जिसमें 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ मिले, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिश की जाए, एसडीबीएस लाभ बढ़ाने और जोर जबरदस्ती से लक्ष्य पूरा करने का विरोध शामिल है। महासमुंद लेखा परिक्षेत्र में कुल 32 डाक घर हैं, जिनमें से 30 डाकघरों के 54 कर्मचारी हडताल पर थे जिससे इन डाक घरों में कामकाज पूरी तरह से बंद था। इसके अलावा जिले के सभी विकासखंड अंर्तगत लेखा क्षेत्र के ग्रामीण डाक घर बंद थे वहाँ के कर्मचारी अपने-अपने लेखा क्षेत्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। संघ के रायपुर संभागीय अध्यक्ष लखन लाल डड़सेना ने बताया कि विभाग द्वारा रायपुर संभाग के 11 कर्मियों को टर्मिनेट कर दिए जाने के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी गई है। आगामी दिनों मांगों को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

### बैल चराने गए युवक पर भालू का हमला

**पिथौरा।** बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत हरदी बीट के कक्ष क्रमांक 163 में आज 19 दिसंबर मंगलवार को दोपहर के समय भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। वहीं, घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बार में प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित कुमार ठाकुर उम्र 35 वर्ष ग्राम हरदी खेत के पास आबादी क्षेत्र में बैल चरा था। उसी दौरान जंगल की ओर से आये भालू ने अचानक रोहित पर हमला कर दिया। भालू के हमले से रोहित का बायां पैर बुरी तरह जख्म हो खून से लथपथ हो गया और जमीन पर गिर गया। इस वह जोर-जोर से बचाव-बचाव चिल्लाने लगा। तब वहां आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग बचाने के लिये रोहित की ओर चिल्लाते दौड़ पड़े। तब जाकर भालू गंभीर रूप से घायल कर जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने आनन-फानन में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बार नवापारा लेकर आए तथा इसकी सूचना वन-विभाग को भी दिया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची वन रक्षक पूर्णिमा वर्मा ने घायल के पिता को एक हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी। वहीं डाक्टरों ने पीड़ित को प्राथमिक उपचार बाद गहरे घाव को देखते हुए हायर सेंटर के लिए अन्यत्र रिफर कर दिया।

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मिलित होने प्रदेश दल भुवनेश्वर रवाना



**महासमुंद।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 22 दिसम्बर से 26 दिसंबर 2023 तक भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित व्हालीबाल 14 वर्ष बालक/बालिका, रग्बी फुटबाल 14वर्ष बालक/बालिका में छग प्रदेश दल की टीम दल प्रबंधक पुष्पेंद्र बरमाल, सहायक दज प्रबंधक बृजभूषण ठाकुर, कोच/मैनेजर सुनील भोई, परमानंद साहू, अवधेश, संजीव साहू, तृषा शर्मा, मो. शाहिबा, लोकेश्वर राव, रूखमणी यादव के नेतृत्व में सम्मिलित होगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल ने सफलता की शुभेच्छा के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# 6 एकड़ खड़ी धान फसल जलकर हुई राख, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम गुढ़यिारी और बरिहापाली में 6 किसानों के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लगभग 6.03 एकड़ में खड़ी धान की फसल राख हो गई। मौके पर पहुंचे डायल-112, दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग आग पर काबू पाया गया। बसना थाना अंतर्गत हुई इस घटना में किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। इन दिनों बसना विकासखंड के सभी गांवों में हार्वेस्टर से धान कटाई का काम जोरों से चल रहा। इसी बीच रबी फसल लगाने के लिए खेतों की तैयारी में लगे हुए है, जो शासन-प्रशासन की मनाही के बावजूद खेतों में पड़े पराली को जलाने का काम किसानों द्वारा किया जा रहा है।



इसी बीच बसना के ग्राम गुढ़ियारी और बरिहापाली के मंडलखार में दोपहर लगभग 1 बजे एक व्यक्ति द्वारा फोन पर सूचना दी कि मंडलखार के खड़ी धान फसल के खेतों में आग लग लग गई है। जाकर देखा तो किसान खगेश्वर प्रसाद नायक पिता संतुराम नायक के ग्राम गुढ़यिारी के खसरा नंबर 737/1 रकबा 1.27 एकड़, यादव लाल नायक पिता गोपाल प्रसाद नायक ग्राम गुढ़यिारी के खसरा नंबर 737/2 रकबा 1 एकड़, सफेद पटेल पिता निरंजन ग्राम गुढ़यिारी के खसरा नंबर 740 रकबा 1.47 एकड़ और हरिराम नायक पिता विपतराम ग्राम गुढ़यिारी के खसरा नंबर 742 रकबा 0.87 डिसमिल, इसके अलावा रामबाबू पिता शंकर ग्राम बरिहापाली के खसरा नंबर 19 रकबा 1 एकड़ और विजयसिंह पिता जयसिंह ग्राम बरिहापाली के खसरा नंबर 23 रकबा 40 डिसमिल के खेत में आग लगने से खेत में खड़ी धान फसल जल रही थी। भीषण आग को देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस डायल 112 और दमकल सरायपाली को दी। मौके पर पहुंचे डायल-112, दमकल कर्मियों और ग्रामीणों की मदद ने आग पर काबू पाया। तकरीबन डेढ़ घंटे तक बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक इन किसानों के कुल 6.03 एकड़ खेत की सरना धान की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। फिलहाल, आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हुआ है। इस घटना की जानकारी कृषकों ने राजस्व विभाग को दी है। मौके पर राजस्व निरीक्षक आरके साहू, पटवारी रामकुमार दीवान ने पंचनामा तैयार करने के बाद सूचना बसना थाने में दे दी है। इन कृषकों द्वारा इस वर्ष सरना धान लगाया हुआ था। धान पक कर तैयार हो चुका था। पहले बेमौसम बारिश के बाद अब वह आग लगने से फसल नष्ट हो चुकी थी। आगजनी से इन कृषकों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, जो अब शासन से क्षतिपूर्ति राशि की मांग कर रहे है।

### रबी फसल के लिए किसान खेतों में मनाही के बावजूद पराली जलाने में लगे

आग लगने की घटना किस कारण हुई है या अन्य खेत के किसानों द्वारा रबी फसल की तैयारी में पराली जलाने के दरम्यान खेत की खड़ी फसल में आग लगी है। यह जांच का विषय है। फिलहाल, कृषकों द्वारा उक्त घटना पर बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। इस समय बसना विकासखंड के सभी गांव में रबी फसल लगाने की तैयारी की जा रही है। खरीफ धान फसल की हार्वेस्टर से कटाई के बाद जोताई करने खेत पड़े पराली को किसान अंधाधुंध जलाने में लगे हुए है। जबकि, शासन प्रशासन द्वारा खेतों में पराली जलाने के लिए मनाही भी किया गया है। इसके बावजूद भी क्षेत्र के किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार का कहना है कि खेतों में पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, पराली के साथ मिट्टी जलने से खेतों की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती हैं।

# प्लास्टिक वस्तुओं के प्रचलन ने बांस के कारीगरों से छीना रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेजी से बढ़ते प्लास्टिक वस्तुओं के प्रचलन ने जिले में बंसोड़ जनजाति बांस के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न कर रखी है। वहीं जिले में बांस की कमी ने इस जनजाति के लिए दोहरी मुसीबत साबित हो रही है। बांस के इन कारीगीरों को पड़ोसी जिले पर आश्रित रहना पड़ रहा है। अपने पारंपरिक पेशे को बचाए रखने के लिए इस जनजाति के लोग बांस प्राप्त करने के लिए कई किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं। 35-40 रूपए मिलने वाला बांस वहां पर 150-160 रूपए पड़ रहा है। वह बांस भी काम के लायक रहें, इसकी भी गारंटी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि, बांस के बेहतरीन हस्तशिल्प के लिए बंसोड़ जनजाति की विशेष पहचान है। बांस से बनने वाली सूप, पेटी, टोपी, चबांसटाई, गिलास, थाली इनके बेहतरीन कारीगिरी देखी जा सकती है। बांस की कारोगिरी इस जनजाति की पारम्परिक व्यवसाय है। बांस की अनोखी कलाकारी जनजाति के लोगों को विरासत में मिलती है। जनजाति के लोग इस कला में बचपन में खेल-खेल में महारत हासिल कर लेते हैं। बांस की इस कला ही इस जनजाति की जमापूंजी है। लेकिन, प्लास्टिक समान के बढ़ते प्रचलन ने बंसोड़ जनजाति के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न कर दी है। वहीं, राजीव गांधी बांस मिशन जिले में सफल नहीं हो सकी है। जिससे बंसोड़ जाति को सस्ते दर में बांस उपलब्ध कराने की सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते उन्हें आरंग, राजिम, पारागांव, समोदा से बांस लाना पड़ रहा है, जो ज्यादा कीमत होने के साथ ही सामान बनाने लायक निकल जाए, इसकी गारंटी नहीं रहती है।





### प्लास्टिक ने किया बेरोजगार

ग्राम खैरा निवासी त्रिवेणी बाई कंडरा ने बताया कि पेटी, थाली, गिलास जैसी वस्तुओं की मांग पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। ले देकर सूप, दौली जैसे कुछ एक वस्तुओं को साप्ताहिक बाजार के साथ आसपास के गांवों में बेचकर किसी तरह परिवार का पेट पाल रहें हैं। आर्थिक बदहाली की मार झेल रहे बंसोड़ों परिवार पूरी तरह सरकारी योजना के तहत मिलने वाली सहायता पर आश्रित हो चुके हैं।

### ठेकेदारी से बांस की कीमत तिगुनी

खैरा निवासी राकेश कंडरा, कृष्ण कुमार कंडरा ने बताया कि महासमुंद में पहले 30-40 रूपए में एक नग बांस मिल जाया करता था। वहीं, राजीव गांधी बांस मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को 1500 नग सलाना बांस उपलब्ध कराया जा रहा था। लेकिन, अब जिले में बांस का मिलना बिलकुल बंद हो चुका है। वहीं, ठेकेदारी के तहत मिलने वाले बांस की कीमत 150-170 रूपए प्रति नग पड़ जा रहा है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## पिता के साथ झगड़ा करने से रोकने पर पीटा



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा भोई ने महेंद्र तथा उमा भोई के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कृष्णा ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उमा अपने पिता के साथ झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान वह बीच-बचाव करने पहुंचा तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की।

## आपसी रंजिश पर रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कापा निवासी तुलाराम टंडन ने शिवकुमार बंजारे तथा सतीश बंजारे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। तुलाराम ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोक लिए तथा उसके साथ मारपीट की।

## गाली-गलौज से मना करने पर पिटाई

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिंकी चेलक ने गोपो तथा बबलू रात्रे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रिंकी ने पुलिस को बताया कि गोपो और उसका साथी उसके जेठ के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। इस दौरान महिला ने दोनों को गाली-गलौज करने से मना किया तो बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की।

# रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय महावीर कालोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावक्ता पं श्रीराम प्रताप शास्त्री महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं, काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा कि जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन, जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो कृष्ण उस



पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ, लेकिन रुक्मणि को कृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है।

धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। कृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान आयोजक परिवार ने झांकियां भी प्रस्तुत की।

## 5 जनपदों के 19 गांवों में आज पहुंचेगी भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने भारत

- केंद्र सरकार की योजनाओं से कराएंगे अवगत, योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे
- आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वित

सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए जनपद वार रूट प्लान, सेक्टर अधिकारी, क्लस्टर मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव-गांव में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से अवगत करायेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 20 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत बेलसोंडा में 10 बजे एवं घोड़ारी में दोपहर 2 बजे से, जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत बटकी व लखनपुर में 10 बजे से, ग्राम पंचायत छुईपाली एवं बेलटिकरी में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत डोंगरीपाली एवं गोपालपुर में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत टेका एवं खैरखुंटा में दोपहर 2 बजे से, जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत बागबाहराकला, करमापटपर एवं कल्याणपुर में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत बिहाझर में 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत कुडेकेल व जमड़ी में 10 बजे से बिछिया, पोटापारा और मुड़पहार में 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे और संबंधित योजना का लाभ दिलाने आमजन से आवेदन लिए जाएंगे तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथों में लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी देकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्ग पर सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए दुकान एवं चौपाटी पर बेदखली की कार्रवाई के बाद जिले के अन्य शहरों में भी अवैध कब्जा हटाने का कार्य शुरू हो चुका है। मंगलवार को बसना और पिथौरा में सड़क किनारे ठेले, खोमचे वालों को हटाने के साथ ही अतिक्रमण पर भी बुलडोजर चला। पिथौरा में बस स्टैंड स्थित तिवारी होटल के अतिक्रमण कर बनाए गए बहुमंजिला इमारत को धाराशाही किया गया।




## राज्य स्तरीय कराते में कसेकेरा की छात्राओं ने लिया भाग

**कोमाखान।** राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनिग एवं ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन 15 से 17 दिसंबर 2023 को सिरपुर में किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा की 14 छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर कराते का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले में उपलब्धि हासिल की। प्रधान पाठक डॉ विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कराते प्रशिक्षिका रेशमा कुर्रे द्वारा तीन माह से 65 छात्राओं को स्वाभिमान एवं सुरक्षा के लिए नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सिरपुर के यज्ञ शाला में तीन दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ वरुण पांडेय अध्यक्ष प्रदेश सोतोकान कराते संघ, सेनसेई उपेंद्र प्रधान प्रदेश सचिव लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन, यूनाइटेड सोतोकान कराते एसोसिएशन संघ छग की उपस्थिति में की गई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं में शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश चक्रधारी सचिव महासमुंद, मीरा पंडा अध्यक्ष महासमुंद, रूखमणि रोतिया ने प्रशिक्षण दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक बने चोपड़ा



**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को महासमुंद जिला में सफल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। जिला संयोजक बनाए जाने पर डॉ चोपड़ा ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ पूरे भारत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 दिसंबर को किया गया। जिसके तहत छग प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संकल्प यात्रा जारी है। यह यात्रा 26 जनवरी तक जिले के सभी पंचायतों में जाएगी। जिन पंचायतों में यात्रा को जाना है उसकी पूरी जानकारी जिला पंचायत से आ गई है। जिला प्रशासन एवं जनपत पंचायत से डॉ चोपड़ा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए कहा है कि जिन पंचायतों में यात्रा जा रही है, वहां एक दिन पहले गांव में मुनादी करायी जाए। इस यात्रा का संदेश एक-एक घर पहुंचे इसका प्रयास हो। यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार अच्छे से हो, इसकी मॉनिटिरिंग जिला स्तर के अधिकारी करें। साथ ही नागरिकों से भी अपील की है कि जब आपके ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प पहुंचे कार्यक्रम में आवश्यक रूप से शामिल होने का प्रयास करें। जिससे सभी को योजनाओं का लाभ मिलेगा तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा।



## जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सामाजिक पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास बाबा के 267वीं जयंती पर खरोरा में सोमवार को निकाली गई शोभायात्रा व महासमुंद के वार्ड नंबर 21 में आयोजित सांस्कृतिक भवन के लोकार्पण समारोह तथा अमर नगर परसकोल के जयंती कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव एसआर बंजारे, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला सचिव रेखराज बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती, सचिव गणेश टंडन, नगर अध्यक्ष योगेश मधुकर शामिल हुए। पदाधिकारियों ने जैतखाम में आरती मंगल कर मानव समाज की सुख शांति के लिए कामना की। इस अवसर पर समाजजनों के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बलौदाबाजार-भाटापारा जिला गुरु घासीदास के नाम पर हो : सांसद

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में सांसद निधि से निर्मित भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के गुरु घासीदास वार्ड 21 में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा के 267वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद चुन्नी लाल साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसआर बंजारे प्रदेश महासचिव प्रगतिशील छग सतनामी समाज ने की। दिनेश बंजारे प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव, पवन साहू सांसद कार्यलय प्रमुख, मुन्ना देवार पार्षद



विशिष्ट अतिथि रहे। सांसद ने जैतखाम में आरती मंगल कर सांसद निधि से निर्मित 9.5 लाख की सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद साहू ने सतनामी समाज को अपने अधिकारों के लिए संघर्षशील एवं सजग समाज बताया। जिनकी गौरव गाथा छत्तीसगढ़ से लेकर असम, दिल्ली, नरनौल हरियाणा के साथ देश के विभिन्न राज्यों में फैली हुई है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की मांग पर मैंने पूर्व की सरकार से बलौदाबाजार-भाटापारा जिला का नाम छत्तीसगढ़ के एक मात्र छत्तीसगढ़िया संत गुरु घासीदास बाबा के नाम पर रखने पत्र लिखा था। लेकिन नहीं रखें। अब भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री से मांग कर रखवाने की बात कहीं। सामाजिक पदाधिकारियों ने सांसद को भवन निर्माण के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नगर के हृदय स्थल में होने से सुविधा होने की बात कही।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राजेश मारकंडेय व सदस्यगणों के साथ ब्लाक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती, गणेश टंडन, योगेश मधुकर, फनेंद्र बंजारे, बंटी शर्मा, मानु मंडलेश, तुलाराम रात्रे, रमेश लहरे, राजेश बघेल, अरविंद, अजय बघेल, तुलस व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## राजधानी में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा 21 जनवरी को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की जनवरी 2024 में होने जा रही प्राण-प्रतिष्ठा के पहले पूरे छत्तीसगढ़ में भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकालने की योजना तय हुई है। इसी संदर्भ में एक बैठक वीआईपी मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर के सभागृह में सोमवार को हुई। इस बैठक में मुख्य पुजारी हनुमंत ने बताया कि समस्त हिंदू समाज द्वारा आगामी 21 जनवरी को दोपहर 3 बजे तेलीबांधा तालाब से श्रीराम मंदिर मार्ग होते हुए श्रीराम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान पूजा-अर्चना और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुनील रामदास ने बताया कि अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले रायपुर के नागरिकों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सभी संतों, समाज के प्रमुखों तथा नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। शोभायात्रा तेलीबांधा मरीन ड्राइव से शुरू होकर श्रीराम मंदिर मार्ग पर खत्म होगी। इस अवसर पर भजन और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष बृजलाल गोयल, राजेंद्र, सुनील रामदास, पुष्पेंद्र, विवेक, मनमोहन चावला, विधायक मोतीलाल, योगेश अग्रवाल, अमर बंसल, विक्रम केवलानी, सत्यनारायण मित्तल, मनोज गोयल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खून की खातिर चक्कर से नहीं मिली मुक्ति ब्लड स्टोरेज की योजना नहीं हो सकी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपात स्थिति होने पर मरीज के परिजनों को एक बोतल खून की खातिर राजधानी के चक्कर लगाने की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज शुरू करने की योजना बनाई गई थी जो छह माह का वक्त बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

अभी रायपुर जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीजर प्रसव की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सकों के मुताबिक कई बार इस प्रक्रिया में मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है। सुविधा नहीं होने की वजह से मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था के लिए राजधानी के ब्लड बैंक तक का चक्कर लगाते हैं। मरीज की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा, खरोरा, गोबरा-नवापारा, बीरगांव तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेद कालेज परिसर में ब्लड स्टोरेज की सुविधा देने की योजना बनाई थी। दावा किया जा रहा था कि




- जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू किया जाना था
- आपात स्थिति में परिजनों को लगाना पड़ता है राजधानी का चक्कर

काम पूरा होने के बाद मरीज के परिजनों को रक्त की खातिर इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना को छह माह से अधिक का वक्त बीच चुका है, मगर अब तक इस योजना पर काम पूरा नहीं किया जा सका है, जिसकी वजह से मरीज के परिजनों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक प्रारंभ करने का कम भी अधूरा पड़ा है।

### विभिन्न समूह के ब्लड रखने की योजना

सूत्रों के मुताबिक ब्लड स्टोरेज में विभिन्न समूह के रक्त स्टोरेज रखने की योजना थी। इलाज के दौरान किसी मरीज को अगर आवश्यकता होती और उनके पास दूसरा विकल्प नहीं होता, तो स्टोरेज से रक्त मुहैया कराया जा सकता है। बाद में इस रक्त की भरपाई अन्य तरीके से की जाती। ब्लड स्टोरेज की योजना को मूल रूप से ग्रामीण इलाकों में सक्रिय सामुदायिक स्वास्थ्य में तैयार करने का प्रयास किया गया था।

### ट्रामा योजना भी फेल

ब्लड स्टोरेज के अलावा हाईवे पर मौजूद स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा यूनिट भी तैयार करने की योजना बनाई गई थी। इसका मकसद हाईवे पर सड़क हादसे में जख्मी होने वालों को तत्काल उपचार की सुविधा मुहैया कराना था। इसके लिए धरसींवा और अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन किया गया था। ट्रामा में उपचार की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डाक्टरों को पदस्थ करने की तैयारी थी, इसका काम भी अभी पूरा नहीं हो पाया है।

## जमानत राशि वापस लेने रुचि नहीं दिखा रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव में नामांकन फार्म जमा करने के बाद चुनाव से नाम वापस लेने और हार के बावजूद जमानत बचा पाने वाले प्रत्याशी अपनी जमानत राशि वापस लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। रायपुर जिले के सात में से 6 विधानसभा क्षेत्र से 33 प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस लिया था। इनमें से अब तक सिर्फ 12 प्रत्याशी ही ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन किया है, जबकि अन्य प्रत्याशियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है। चुनाव में करारी हार के बावजूद अपनी जमानत बचा पाने में 7 कांग्रेसी सहित 8 प्रत्याशी सफल रहे थे, लेकिन इनमें से भी किसी ने अब तक जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन नहीं किया है। इन सभी प्रत्याशियों की जमानत राशि अभी भी प्रशासन के खाते में जमा है। रायपुर जिले की सातों विधानसभा सीट के लिए 155 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा था। नामांकन फार्म के साथी सभी प्रत्याशियों ने दस हजार एवं पांच हजार रुपए की जमानत राशि भी जमा कराई थी। इनमें से 33 प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया था। वापस लेने वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव होने के पैसा वापसी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन अब तक सिर्फ 12 प्रत्याशियों ने ही प्रशासन के खाते में जमा जमानत राशि वापस लेने के लिए आवेदन किया है। हालांकि आवेदन करने वाले प्रत्याशियों को भी अब तक जमानत राशि लौटाई नहीं गई है।

- अब तक 12 ने किया जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन

### बैंक खातों में जाएगी राशि

जमानत राशि प्रत्याशियों के सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि नामांकन फार्म में प्रत्याशियों ने जो बैंक खातों का डिटेल दिया है, उसी खाते में उनकी राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### आवेदन करने वाले प्रत्याशियों की विधानसभावार संख्या

जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन करने वालों में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से 5, रायपुर ग्रामीण से 4, धरसींवा से 2 एवं अभनपुर क्षेत्र से 1 प्रत्याशी है।

# नए साल को लेकर पुलिस अभी से अलर्ट कार्यक्रम के लिए किसी ने नहीं मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्रिसमस तथा नए वर्ष को लेकर होटल, क्लब संचालित करने वाले संचालकों ने अब तक पुलिस से कार्यक्रम आयोजित करने अनुमति का पत्र नहीं लिखा है। बावजूद इसके पुलिस नए साल में जश्न की आड़ में हुड़दंग रोकने अभी से तैयारी में जुट गई है। आउटर के थाना क्षेत्र मंदिरहसौद, राखी, अभनपुर, धरसींवां तथा शहरी क्षेत्र के तेलीबांधा राजेंद्र नगर, विधानसभा सहित अन्य थानों की पुलिस से एसएसपी कार्यालय ने उन होटल तथा क्लबों की जानकारी मांगी है, जहां नए साल को लेकर पार्टी आयोजित की जाती है।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक नए साल में कार्यक्रम आयोजित करने नियमानुसार अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही हुड़दंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार शहर के एंट्री पाइंट में ट्रैफिक तथा पुलिस जवानों द्वारा वाहन चालकों की जांच की जाएगी। ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नए साल में कितने बल तैनाए किए जाएंगे, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस पर 25 दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### साल का अंतिम दिन कोई धार्मिक, सांस्कृतिक उत्सव नहीं

समिति ने मुख्य सचिव को लिखा है कि ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के तहत इस प्रकार की अनुमति सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक या किसी उत्सव के लिए दी जा सकती है। नियमों के अनुसार छूट के दिनों की संख्या और विवरण राज्य सरकार को अग्रिम रूप से अधिसूचित करना है।



### प्रशासन के रुख के आधार पर आवेदन

एक होटल कारोबारी मैनेजर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि पूर्व में नियमों में छूट होने की वजह से होटल, बार तथा क्लब के संचालक नए साल की तैयारी एक माह पूर्व से करते थे। साथ ही कार्यक्रम आयोजित करने पहले से अनुमति के लिए आवेदन लगाते थे। वर्तमान में प्रशासन की सख्ती को देखते हुए नए साल में कार्यक्रम आयोजित करने होटल, रेस्टोरेंट तथा क्लब संचालक प्रशासन के रुख के आधार पर पार्टी आयोजित करने का निर्णय लेंगे।

### नागरिक संघर्ष समिति ने सचिव को पत्र लिखा

नए साल में होने वाले आयोजनों को लेकर नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि पिछले वर्ष 30 दिसंबर को पूरे प्रदेश के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने आनन-फानन में अनुमति दी गई थी। इस वर्ष वैसी अनुमति न दी जाए। समिति ने तर्क दिया है कि देर रात ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने से असहनीय ध्वनि प्रदूषण होता है। नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले वर्ष देर रात तक कार्यक्रम आयोजित होने से ध्वनि प्रदूषण फैलने के साथ लॉ एंड आर्डर की स्थिति भी बिगड़ी थी।

## जेल में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के लिए उत्थान कार्यक्रम

**रायपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और खुशी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 व 18 दिसंबर को केंद्रीय जेल रायपुर में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी हाईकोर्ट जस्टिस एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, अतिथि डॉ. व्ही.सी. विवेकानंदन, कुलपति हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नवा रायपुर एवं अध्यक्षता हमीदा सिद्दीकी, संस्थापक, खुशी फाउंडेशन की उपस्थिति में हुआ।

खबर संक्षेप



## बाबा गुरु घासीदास सतनाम पंथ के प्रवर्तक रहे : राठी

**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 4 में स्थित जैतखाम मैदान में आयोजित गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह में भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी ने शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पार्षद देवीचंद राठी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास सतनाम पंथ के प्रवर्तक रहे। उन्होंने समाज को सत्य का मार्ग दिखाया, वे केवल एक पंथ तक के गुरु नहीं रहे, आज पूरे भारत के महापुरूष है। राठी ने आगे कहा कि आज के परिवेश में हमें बाबा के आदर्शों को ग्रहण करना चाहिए। उनके बताए सात सिद्धांत आज के समय में प्रेरणा स्वरूप सभी को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया था।

# समाज में मूल्यपरक विकास के लिए होना चाहिए आग्रह

## पिथौरा में हुई दो दिवसीय साहित्य संगोष्ठी, कार्यक्रम में जुटे प्रदेशभर के साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

स्थानीय उजाला पैलेस में दो दिवसीय साहित्य संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ। उद्घाटन सत्र में दिल्ली से आए मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार एकांत श्रीवास्तव, अध्यक्षता कर रहे सुपरिचित कवि जीवन यदु, डॉ राकेश तिवारी तथा प्रख्यात लेखिका उर्मिला शुक्ल ( रायपुर) का स्वागत श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह एवं मंच के समस्त सदस्यों द्वारा पुष्प हार से किया गया। श्रृंखला के वरिष्ठ सदस्य साहित्यकार स्वराज करुण द्वारा तीनों अतिथियों को पुस्तकें भेंट कर स्वागत किया गया। भेंट की गई पुस्तकें थीं श्रृंखला चार, संशय के बादल ( शिवानंद महंती), कुछ ही क्षणों में (शिवानंद महंती), मेरा सागर तुम्हारी कश्ती (मधु धांधी) और मोर सुरता के गांव (मधु धांधी)। स्वागत कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रृंखला के वरिष्ठ सदस्य उमेश दीक्षित ने श्रृंखला साहित्य मंच के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का परिचय दिया।

यह साहित्य संगोष्ठी कुल पांच सत्रों में हुई। जिसमें पहले, दूसरे तथा चौथे सत्र में साहित्य में नारी, दलित, आदिवासी, विमर्श सहित पर्यावरण, आधुनिक विकास एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न आयामों पर विमर्श करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने प्राचीन और समकालीन साहित्य में निहित सामाजिक विमर्शों पर व्यापक विवेचना करते हुए कहा कि समाज में मूल्य परक विकास के लिए आग्रह होना चाहिए। जल में मछलियां सांस ले सके, और मिट्टी की उर्वरता बची रह सके, ऐसे विकास के लिए में साहित्य की पक्षधरता होनी चाहिए। वरिष्ठ कवि जीवन यदु ने कहा कि पुराने समय में पेड़ पौधों की सुरक्षा तथा वनवासी जीवन पर जो पुरातन साहित्य लिखे गए हैं, वे प्रतीकों में लिखे गए हैं। उन प्रतीकों को आज समझने की आवश्यकता है। उर्मिला शुक्ला ने कहा कि पुराने साहित्य में जिन सामाजिक समस्याओं के खिलाफ लिखा गया था, अभी भी नए रूपों विद्यमान हैं। इसलिए वर्तमान साहित्य में आज भी इन समस्याओं के चित्र उभर आते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री डॉ राकेश तिवारी ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ नैतिक चिंतन में भी विकास जरूरी है।






**नारी विमर्श पर अभी और लिखे जाने की आवश्यकता-मृदुला:** अंबिकापुर से आईं लेखिका डॉ मृदुला सिंह ने नारी विमर्श पर विभिन्न समकालीन नारीवादी लेखिकाओं के विचारों का संदर्भ देते हुए कहा कि बदलते परिवेश में नारी विमर्श पर अभी और लिखे जाने की आवश्यकता है। दुर्ग से आए कैलाश वनवासी ने साहित्य में दलित विमर्श पर अपने विचार रखते हुए कहा कि दलितों की समस्याओं पर कविता से अधिक कथाओं में लिखा गया है। बीसवीं सदी के आखिरी दशक में 'हंस' पत्रिका में संपादक राजेंद्र यादव द्वारा दलित विमर्श के प्रवक्ता की तरह काम किया गया है। बागबाहरा के पीयूष कुमार ने कहा कि साहित्य के केंद्र में मनुष्य है। मनुष्य समाज और प्रकृति के साथ जुड़ा है इसलिए साहित्य में समाज का कोई पक्ष अछूता नहीं है। श्रृंखला के वरिष्ठ साहित्यकार स्वराज करुण ने कहा कि साहित्य का ऐसा कोई भी विषय नहीं है, जिसका समाज से जुड़ाव ना हो। साहित्य में सामाजिक सरोकार आदिकाल से रहा है। साहित्यकार सामाजिक सरोकारों से अलग होकर लिख ही नहीं सकते। बागबाहरा के रजत कृष्ण ने कहा कि साहित्यकार अपना चिंतन साहित्य के माध्यम से समाज तक संप्रेषित करता है। रजत कृष्ण ने अपनी कविताएं भी सुनाईं।

अंतिम सत्र में साहित्य और सामाजिक सरोकार विषय पर वक्ताओं तथा श्रोताओं का साझा विमर्श रखा गया। जिसमें श्रोताओं की ओर से स्वराज्य करुण, संध्या भोई (सरायपाली) प्रवीण प्रवाह, उमेश दीक्षित, निर्वेश दीक्षित, माधव तिवारी, गुरप्रीत कौर, जितेश्वरी साहू, पटेल भी अपने विचार रखें। मुख्य वक्ताओं से प्रश्न किए गए। इन प्रश्नों का समाधान मुख्य अतिथि श्रीवास्तव, डॉ. उर्मिला शुक्ल एवं पीयूष कुमार द्वारा किया गया। हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रबंध मंत्री राजेंद्र चांडक ने हिंदी साहित्य सम्मेलन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व तीसरे सत्र में रात को श्रृंखला के सदस्यों एवं अतिथियों की कवि गोष्ठी आयोजित गई थी। जिसका संचालन कवि प्रवीण प्रवाह ने किया। प्रतिभागी कवियों में कार्यक्रम के अतिथि कवि डॉ जीवन यदु, एकांत श्रीवास्तव, डॉ उर्मिला शुक्ल, डॉ. मृदुला सिंह, कैलाश वनवासी के अलावा अनूप दीक्षित, बंटी छत्तीसगढ़िया, डॉ कुलवंत अजमानी, माधव तिवारी, निर्वेश दीक्षित, गुरप्रीत कौर, जितेश्वरी साहू, डॉ. सरोज साव, संजय गोयल, एसके नीरज, देवनारायण साहू, बद्री प्रसाद पुरोहित (बसना), संकल्प यदु (खैरागढ़), बंधु राजेश्वर राव खरे (महासमुंद), प्रीति चौहान, नर्मदा दीवान (पटेला) एवं उत्तरा सिन्हा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित पिथौरा नगर एवं बाहर से आए श्रोताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जिनमें पीसी रथ ( रायपुर), शिव शंकर पटनायक, शशि कुमार डडसेना, महेश पालीवाल, संजय राजपूत, शशांक खरे, रमाशंकर दीक्षित, एफए नंद, रितेश महंती, मन्नू लाल ठाकुर, जवाहर नायक (सांकरा), टिकेंद्र प्रधान, शैलेष साहू (बागबाहरा), हरमिंदर उजाला, कल्याण सिंह छाबड़ा, विवेक दीक्षित, मयंक पांडेय, पं.कृष्ण कुमार शर्मा, अरुण देवता, कौतुक पटेल, अमरप्रीत सिंह, मीनकेतन दास (सांकरा), आरके भोई, यशवंत चौधरी (सरायपाली) कुमार लोरिस (जगदीशपुर), एवं रामशरण साहू (तिल्दा) आदि शामिल रहे।

# यादव समाज के पदाधिकारियों ने की विधायक द्वारिकाधीश से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज के पदाधिकारी पिथौरा स्थित निवास पहुंचकर यादव समाज के गौरव खल्लारी विधायक तथा पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। 37000 रिकार्ड मतों से विजय होने पर हर्ष जताया। दौरान यादव समाज की उपस्थिति पदाधिकारी व सामाजिक बंधुओं ने विधायक यादव के साथ सामाजिक चर्चा भी की।

वहीं नवनिर्वाचित विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पूर्व की भांति ही पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र की सेवा करने की बात उपस्थित ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान कही। इस अवसर पर तुलाराम यादव (अध्यक्ष), माधोराम यादव (उपाध्यक्ष), निरंजन यादव (उपाध्यक्ष), रिखीराम यादव(उपाध्यक्ष), सोमकांत यादव(सचिव), घनश्याम यादव (कोषाध्यक्ष), दुलार यादव (प्रमुख सलाहकार), डिगेश यादव, जीतराम यादव, कुंद राम यादव, ओमप्रकाश यादव, केशव राम यादव, अक्षय यादव, लक्ष्मण यादव, टीका राम यादव, टिकेश्वर यादव, युगल यादव युगल किशोर यादव, मालिक राम यादव, मायाराम यादव, बलदाऊ यादव, हिच्छा यादव, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 7 का चयन

**महासमुंद।** महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ से 7 हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ी महासमुंद जिले की ओर से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ बालक हैंडबाल कोच सैयद इमरान अली के नेतृत्व में महासमुंद जिला शिक्षा कार्यालय में सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, एमएल देवांगन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डिगेश्वर ठाकुर, टिकेश्वर साहू, कौनन अहमद उपस्थित थे। चयन पर महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रमेश खरे, रूपेश महिलांग, कपिल पड़रिया, मनीष चंद्राकर, धनंजय चेलक, प्रशांत, विवेक दास, आदित्य चंद्राकर, उदय मंडल, आदित्य साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

# राज्य स्तरीय ब्लैक बेल्ट एवं मास्टर ट्रेंनिग सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

सिरपुर में 15 से 17 दिसंबर को 26वीं राज्य स्तरीय ब्लैक बेल्ट एवं मास्टर ट्रेंनिग सेमिनार हुआ। जिसमें 10 जिलों से 300 महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम धर्म की नगरी सिरपुर के पावन भूमि पर किया गया। जिसमें महासमुंद, गरियाबंद, बलौदा, बलौदाबाजार, रायपुर, सारंगढ़, बिलाईगढ़, रायगढ़, दुर्ग सहित 10 जिलों से मास्टर ट्रेनरों ने भाग लेकर 3 दिनों तक महानदी के तट पर ब्लैक बेल्ट का फिजिकल ट्रेंनिग एवं टेक्निकल ट्रेंनिग लिया। इसमें प्रभारी वीरेंद्र डड़सेना, राजेश चक्रधारी, मीरा पंडा, जगन्नाथ साहू, वंशिका चौहान, हरिशंकर देवांगन, रुकमणी रौतिया, पूजा जगेंद्र, रेशमा कुर्रे, हेमलाल वर्गे, रवीना साहू, चिंतामणी, योगेश कुमार, बाला राम रावत, भगवती बांधे, शारदा निर्मलकर, दीपक निषाद, अभिषेक अजगले, विवेक प्रधान, बृजेश मिश्रा, सूर्यकांत मिश्रा, कमलेश खड़िया, त्रिलोचन साहू, सीमा ठाकुर, लाजेश्वरी ध्रुव, रोशनी ध्रुव, सुरेश निषाद आदि के साथ अन्य प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनाइटेड शोतोकान कराते डू इंडिया के सचिव शिहान वरुण पांडेय के साथ सीएल साहू, अश्वनी जांगड़े, राजू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। और प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता उपेंद्र प्रधान सचिव जिला शोतोकान कराते संघ महासमुंद एवं वीरेंद्र डड़सेना जिलाध्यक्ष ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षकों को शारिरिक रुप से दक्ष कर नए सेल्फ डिफेंस की टेक्निकल जानकारी देना है। प्रशिक्षण का आयोजन जल और सूखी मिट्टी फिर उसके पश्चात रेत में किया गया। ताकि, हर परिस्थितियों में प्रशिक्षक तैयार रह सके और अन्य लोगों को कराते एवम सेल्फ डिफेन्स गुर को सीखा सकें। कार्यक्रम के आयोजक उपेंद्र प्रधान ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई, 100 मीटर दौड़ में ममता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फॉर्चून फाउंडेशन समाजसेवी संस्था एवं जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद के तत्वावधान में कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मिनी स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, अध्यक्षता विपिन मोहंती, विशेष अतिथि गुरप्रीत कौर, संजू राजा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

नपाध्यक्ष महिलांग ने दिव्यांग एथलेटिक्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को हिम्मत नहीं हारना है। हम सब आपके साथ हैं। आप अनुशासन के साथ खेलिए, कूदिए, पढ़िए लिखिए और आगे बढ़िए। दृष्टिबाधित सब जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम ममता ध्रुव, द्वितीय ज्योति निषाद, 200 मीटर दौड़ में प्रथम ज्योति निषाद, द्वितीय ममता ध्रुव, बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम त्रिलोक विश्वकर्मा, द्वितीय ईशान भोई, आकाश सांड रहे। जूनियर बालक वर्ग में 100 और 200 मीटर दौड़ में प्रथम सुखदेव केंवट, द्वितीय निखिल यादव रहे। गोला फेंक में प्रथम निखिल यादव, द्वितीय सुखदेव केंवट रहे। बालिका जूनियर वर्ग में 100 और 200 मीटर दौड़ में प्रथम श्वेता ध्रुव, जागृति दीवान ने द्वितीय प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम जागृति दीवान ने प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम लक्की यादव, द्वितीय स्थान भूपेंद्र पटेल रहे। अस्थिबाधित बालक जूनियर वर्ग भाला एवं तवा फेंक में प्रथम मुकेश ध्रुव ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम राजेश कुमार, मो हकीम और छगन सोनवानी ने द्वितीय प्राप्त किए। जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम द्रोपती निषाद, द्वितीय हेमा निषाद रहे। सीनियर बालक वर्ग में भाला फेंक और तवा फेंक में प्रथम तोरण यादव रहे, 100 मीटर ट्रायसिकल दौड़ में प्रथम सविता निषाद, द्वितीय बिंदा यादव रहे। सीनियर 100 मीटर दौड़ में प्रथम हीराधर सिदार रहे। द्वितीय दिवस पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि संतोष कुमार चंद्राकर अध्यक्ष सब्जी मंडी महासमुंद, अध्यक्षता निरंजन साहू, विशेष अतिथि जागेश्वर सिंह बीआरसीसी, मनोहर मोहंती संचालक शिशु संस्कार केंद्र, विपिन मोहंती थे। इस अवसर पर अनिता निर्मलकर, रंभा जायसवाल, लक्ष्मीकांत सिंन्हा, चंद्रकुमारी साहू, लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे। पीटीआई के रूप में इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू ने विशेष योगदान दिया। संचालन एवं आभार व्यक्त आयोजक निरंजन साहू ने किया।



# भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के संकुल समन्वयकों की बैठक विकासखंड स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा महासभा में हुई। बैठक में जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी डीएन जांगड़े, एपीसी संपा बोस, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा एवं जिला एफएलएन प्रभारी प्रियंका पटेल उपस्थित थे। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न ग्राम पंचायतों तक पहुंच रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन यात्रा दिवस के पूर्व तक किया जाना है। जिसके लिए विकासखंड में संकुल समन्वयकों को समस्त प्रकार की तैयारी रखने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही कमजोर बच्चों के उपचारात्मक तथा गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष निर्देश दिए गए। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत 2026 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर बच्चों को दक्ष करने के लिए लर्निंग आउटकम आधारित, कार्य पुस्तिका पर अभ्यास, पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग पर चर्चा के माध्यम से दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावी अवलोकन एवं निरीक्षण,मासिक त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक आंकलन में बच्चों की स्थिति की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य संबंधी जानकारी संकुल समन्वयकों से ली गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयकों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से अपने संकुल की गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण किया।




# नवनिर्वाचित आदिवासी विधायकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ प्रदेश द्वारा 18 दिसंबर को रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल आडिटोरियम (साइंस कालेज) में नवनिर्वाचित आदिवासी विधायकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के 29 विधायक सम्मलित हुए। सभी विधायकों को पीला गमछा एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रामविचार नेताम (प्रोटेम स्पीकर), कवासी लखमा पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक कोटा, केदार कश्यप, विक्रम उसेंडी, जनक ध्रुव, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम सहित सभी नवनिर्वाचित विधायक सम्मलित रहे। मुख्यमंत्री को शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें जनजातियों की आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किए जाने, पदोन्नति में आरक्षण पूर्व की तरह लागू करने तथा अनुसूचित क्षेत्रों में तृतीय एवम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में स्थानीय व्यक्तियों को शत प्रतिशत प्राथमिकता देने जैसे मांग शामिल है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय अध्यक्ष आरएन ध्रुव, उपाध्यक्ष सदेराम कोमरे, कमलेश ध्रुव पैकरा महासचिव, कोषाध्यक्ष एन चंद्रवंशी, पवन नेताम सहित सभी जिले के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्षगण, समस्त पदाधिकारीगण सदस्यगण उपस्थित रहे। महासमुंद जिले से भी बड़ी संख्या में सदस्यगण शामिल हुए। जिसमें प्रमुख रूप से एमएल ध्रुव, महेश ध्रुव, रामानंद ध्रुव, मधेश्वर ध्रुव, रामायण ध्रुव, बीएस नेताम, सनमान दीवान, बसंत दीवान, बीआर ध्रुव, एफआर कश्यप, अमृत जगत, सुरेंद्र भोई, विजय कौशिक, डमरूधर मांझी, शिवकुमार धुव, बसंत कंडरा, राजकुमार ठाकुर, भानुप्रताप ठाकुर, टीआर सिदार, अलख राम कमार, मनराखन ठाकुर, डिग्रीलाल जगत सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण आयोजन में शामिल हुए। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष एसपी ध्रुव ने दी है।



**खबर संक्षेप**



## शिविर में 14 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ व नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 14 मरीज का उपचार किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा के बीएमओ डॉ तारा अग्रवाल, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे आदि मौजूद रहे।





## तोरला में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**पटेवा।** ग्राम तोरला निवासी स्व. टीकाराम गजेंद्र, स्व पोनी बाई गजेंद्र एवं स्व राहुल गजेंद्र की स्मृति में पुत्र दुबेराम गजेंद्र, रेखा गजेंद्र द्वारा 14 से 22 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ किया जा रहा है। कथावाचक पं प्रमोद त्रिपाठी है। संगीतमयी कथा सुनने आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। कथा में पं प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को हम जैसी शिक्षा बचपन में देते हैं, वैसे ही वे बन जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता ही होते हैं। कथा के पांचवे दिन दही लूट, शोभायात्रा निकाली गई।

### आयोजन : साराडीह एवं मुढ़ेना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# हितग्राहियों को मिल रहा जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ, स्टॉल भी लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं

- मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने साझा किए अपने विचार
- योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ के लिए भटकना न पड़े इसलिए संकल्प यात्रा - डॉ. चोपड़ा



को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में दूसरे दिन निरंतर जारी है। जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम साराडीह एवं मुढ़ेना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के कोई भी पात्र हितग्राहियों को लाभ से वंचित न होना पड़े इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए प्रशासन संकल्प यात्रा के साथ गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दे रही है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने का कार्य की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सभी बुनियादी आवश्कताओं की पूर्ति के लिए मोदी सरकार द्वारा पानी, शौचालय, सड़क स्वास्थ्य आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मोदी का सपना कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो, प्रत्येक गांव का विकास हो के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल एवं पार्षद देवीचंद राठी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत साराडीह के सरपंच को टीबी मुक्त भारत के लिए निक्षय प्रमाण पत्र एवं डिजिटल इंडिया के लिए संतोष सोनी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

साराडीह में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया तथा 20 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 15 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। जिसमें सुशीला साहू, जानकी रात्रे, रुचि साहू, डिगेश्वरी यादव, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत ज्योति विश्वकर्मा, खोमेश्वरी निर्मलकर, झरना साहू, आशा चेलक, अगेश्वरी शामिल है। पीएम किसान योजना अंतर्गत 05 किसानों को केसीसी कार्ड जारी किया गया। इसके अलावा आधार कार्ड पंजीयन, पीएम मुद्रा एवं सुरक्षा बीमा, जल जीवन मिशन आदि विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर पंजीयन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भुनेश्वरी कुर्रे, सरस्वती जलक्षत्री, ईश्वर परमेश्वरी, तुकाराम ने अपने अनुभव भी साझा किया।

### निःशुल्क उपचार के पश्चात सुरक्षित डिलीवरी भी

कार्यक्रम में ग्राम साराडीह की झरना साहू ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड से एक लाख 50 हजार रुपए का निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के दौरान विषम परिस्थिति के कारण स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि इलाज में लगभग डेढ़ लाख रुपए खर्च होंगे। ऐसे समय में आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। निःशुल्क उपचार के पश्चात सुरक्षित डिलीवरी भी हुई। आज मैं अपनी गुड़िया के साथ बेहद खुश हूं। इसी तरह उज्ज्वला योजना की हितग्राही सुशीला साहू ने बताया कि आज इस कैंप में मुझे उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ। जिसमें एक सिलेंडर, चूल्हा, पाईप आदि शामिल है। अब मुझे लकड़ी और धुएं से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में मुन्ना साहू, ग्राम पंचायत साराडीह के सरपंच साजन यादव, प्रकाश साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू, तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व हितग्राही गण

# शराब की अवैध बिक्री आरोपी पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया था। शुष्क दिवस में अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा आबकारी विभाग को आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के पालन में गश्त मुखबिर से सूचना मिलने पर सांकरा के नायक ढाबा में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल आबकारी टीम आबकारी वृत्त सांकरा द्वारा दबिश दिए जाने पर अवैध रूप से अन्य प्रांत ओडिशा राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 3.640 लीटर एवं छग राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 0.750 लीटर कुल मात्रा 4.390 लीटर विदेशी मदिरा जब्त कर आरोपी महेंद्र कुमार नायक निवासी नायक ढाबा सांकरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवं 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विकास बढ़ेंद्र आबकारी मुख्य आरक्षक कुंज राम ध्रुव एवं आबकारी स्टाफ पिथौरा उपस्थित रहे।

## घासीदास लोक कला नर्तक दलों से आवेदन 22 तक

**महासमुंद।** लोक कला महोत्सव आयोजन के लिए जिले के अनुसूचित जाति वर्ग से गुरु घासीदास लोक कला नर्तक दलों से 22 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव नियम 2005 अंतर्गत जिला स्तर पर गुरु घासीदास लोक कला नर्तक दलों की प्रतियोगिता आयोजित कर जिला स्तर पर गठित निर्णायक मंडल के निर्णय/चयन उपरांत राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम दल एवं द्वितीय दल को प्रविष्टि के लिए भेजा जाएगा।

# न्याय योजना की चौथी किस्त किसानों के खाते में तत्काल जमा कराए राज्य सरकार: विनोद

### न्याय योजना की चौथी किस्त से किसानों को वंचित करने भाजपा रच रही षड़यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद किसानों को न्याय योजना की चौथी किस्त भाजपा द्वारा नहीं दिए जाने के मिल रहे संकेतों पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा शुरू से नहीं चाहती थी कि किसानों के खाते में न्याय योजना की राशि पहुंचे। इसलिए विपक्ष में रहते हुए भी केंद्र सरकार के जरिए किसान हितैषी इस योजना पर बार-बार रोड़ा अटकाने का काम किया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के जरिए रोड़ा अटकाने वालों को अब इस योजना को बंद करने का अवसर मिल गया है। पिछले पांच सालों तक केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से डाली गई सभी बाधाओं के बावजूद राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पूरी राशि सफलता पूर्वक दी। उन्होंने कहा कि भाजपा आदतन किसान विरोधी है इसीलिए किसानों को न्याय योजना की चौथी किस्त से वंचित कर रही है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि का दूसरे मद में इस्तेमाल करने का षड्यंत्र भाजपा रच रही है। यह



प्रदेश के 27 लाख से अधिक किसानों के साथ अन्याय है। असल में भाजपा किसानों से की गई वादा को पूरा करने में असमर्थ साबित हो रही है इसीलिए अभी तक किसानों से 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ और 3100 रुपए क्विंटल की दर पर खरीदी करने का आदेश जारी नहीं किया गया है। अब न्याय योजना की चौथी किस्त की रखी हुई राशि को भी अन्य मद में खर्च कर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करने में लगी है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का लगातार षड़्यंत्र कर रही है। इनमें बिजली बिल हाफ योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, युवा मितान जैसे अनेक योजना सरकार द्वारा चलाई गई थी जिसे हर वर्ग को लाभ हुआ था। उन योजनाओं को बंद कर प्रदेश की जनता को एक बार और महंगाई, गरीबी, अराजकता और शोषण की ओर धकेलना चाहती है।

# आवास के नाम पर गरीबों को ठगने वालों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

हर गरीब का एक ही सपना, पास हमारे हो घर अपना देश के एक बहुत बड़े वर्ग जो कि आवासहीन था या कच्चे टूटे- फूटे मकान में रहा करता था उनकी जरूरत को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना बनाई, जिसके लिए देशभर के आवासहीन व कच्चे मकानों में निवासरत हितग्राहियों से योजना की पात्रता पाने के लिए आवेदन लिए गए। जिसके अनुसार पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने के लिए निर्धारित सहयोग राशि उनके खाते में सीधे मकान बनने के क्रम से जमा की जाती है। जिससे हितग्राही बिना किसी परेशानी के अपना पक्का घर बना लेते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय



से शिकायतें मिल रही है कि आवास बनाने के नाम पर हितग्राहियों से 20 से 25 हजार रुपए जबरन मांग की जा रही हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा (शहर) व खल्लारी विधानसभा समन्वय समिति संयोजक प्रेम साहू से हितग्राहियों ने मिलकर अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर उन्होंने उनकी शिकायत सुनी और आश्वासन भी दिया कि आवास दिलाने या बनाने के नाम पर जो लोग हितग्राहियों से अवैध तरीके से पैसा लूट रहे हैं उन पर जांच कराकर अवश्य ही कार्रवाई की जाएगी। उक्त विषय में जानकारी साझा करते हुए मीडिया प्रभारी तुलसी यादव ने बताया कि मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने आवास के नाम से लूट मचाने वालों को सीधी चेतावनी जारी की है। गरीब जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें ठगना बंद करें अन्यथा चेतावनी के बाद भी ऐसा करने वालों पर जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में दो छात्र सफल

**बागबाहरा।** राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी विकासखंड अभनपुर सत्र 2023 में विकासखंड बागबाहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से पुष्पेंद्र साहू पिता यशवंत साहू, साहिल विश्वकर्मा पिता दहन लाल विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। जिसमें से सफल हुए। स्काउट मास्टर व्यास नारायण बंजारे एवं प्राचार्य कोयल सिंह सबर के मार्गदर्शन में सफलता हासिल किए।

# राज्य स्तरीय सेमिनार में सरायपाली के शिक्षकों ने किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




समग्र शिक्षा, एससीईआरटी और रूम टू रीड के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ में राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बाल साहित्य रचनाकार एवं छत्तीसगढ़ के 16 स्थानीय भाषाओं की जानकारी रखने वाले शिक्षक एकत्रित हुए। इसमें छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न जिलों के शिक्षकों द्वारा लिखी एवं अनुवाद की गई किताबों की प्रदर्शनी लगाई गई। साहित्यकार शिक्षकों में जिला महासमुंद का प्रतिनिधित्व विकासखंड सरायपाली से प्रधान पाठक दुर्वादल दीप शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा, सहायक शिक्षक योगेश कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल, सहायक शिक्षक रमेश तांडी शासकीय प्राथमिक शाला छुईपाली शामिल हुए। विभिन्न जिलों से 51 शिक्षकों ने बाल कहानी लेखन एवं उनके स्थानीय भाषा में अनुवाद किया है। इस तरह से संपूर्ण छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि के रूप में एक साथ उपस्थित होकर इस कार्य को मूर्त रूप दिए हैं।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बाल साहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व एवं बच्चों के सीखने में बाल साहित्य की भूमिका स्थापित करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति पद्मश्री डॉ मोक्षदा (ममता) चंद्राकर, प्रोफेसर नीता गहरवाल, प्रोफेसर राजन यादव, प्राची कालरा, समग्र शिक्षा एम सुधीश, ताराचंद जायसवाल, एनसीईआरटी डेकेश्वर वर्मा, यूएस आईडी शिखा जैन, रूम टू रीड से शक्ति व्रता सेन, प्रोईती राय, सुविधा मिस्त्री, बलाका डे, कपिल सिंह, भावना सिंह, दीपाली अग्रवाल, सीमा, प्रदीप, रणवीर, सामंत प्रधान, मुकेश, गौतम, कपिल वर्मा, योगेश, रवि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्वान तथा विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की बाल साहित्य से संबंधित आवश्यकताओं से जोड़कर छत्तीसगढ़ में शैक्षिक प्रादेशिक को समृद्ध करने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं, संसाधनों, संस्कृतियों शिक्षकों नीति निर्माता, गैर सरकारी संगठन और कलाकारों के बीच सहयोग के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस सेमिनार में भारत का साहित्यिक क्षेत्र कैसे विकसित और विस्तारित हो पर भी विशेष चर्चा की गई।

# परिक्षेत्र अध्यक्षों ने अघरिया धाम पैता के लिए जमा किए चार लाख रुपए की सहयोग राशि

**सरायपाली।** फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली के कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के नेतृत्व में रखी गई। जिसमें परिक्षेत्रीय अध्यक्षों, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संयोजक द्वारा 4 लाख रुपए अघरिया धाम निर्माण के लिए सहयोग राशि जमा किए।

बता दें कि ग्राम पैता में अघरिया समाज की ओर से भगवान कृष्ण के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए अघरिया समाज द्वारा सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षों व सeमाजिकजनों को मंदिर निर्माण के लिए इच्छा अनुसार सहयोग राशि देने अपील की गई थी, जिस पर सर्वप्रथम परिक्षेत्रीय अध्यक्षों की ओर से मंदिर निर्माण के लिए 19 दिसंबर को 12 परिक्षेत्र में से पांच परिक्षेत्र के अध्यक्षों द्वारा 51,111 रुपए प्रत्येक परिक्षेत्र से, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संयोजक के द्वारा भी सहयोग राशि जमा की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष खेमराज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, लव कुमार पटेल कोषाध्यक्ष, महेश राम पटेल केंद्रीय प्रतिनिधि, कामता प्रसाद पटेल अध्यक्ष पाटसेंद्री



परिक्षेत्र, बलिराम पटेल अध्यक्ष केदुंवा, रूपलाल नायक अध्यक्ष चट्टी गिरोला, शोभाराम पटेल अध्यक्ष परसदा, हृदय राम नायक अध्यक्ष चारभांठा, भोलानाथ नायक अध्यक्ष सरायपाली, शंकर लाल नायक अध्यक्ष बिरकोल, धनीराम पटेल अध्यक्ष सिरपुर, संतलाल चौधरी अध्यक्ष लिमगांव, गंगाधर पटेल अध्यक्ष पड़कीपाली, हेमसागर चौधरी अध्यक्ष बेलमुंडी, श्यामलाल पटेल अध्यक्ष बटकी, बिहारी लाल पटेल वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। मंदिर निर्माण के लिए दान करने वाले दानदाता परिक्षेत्र अध्यक्षों में कामता प्रसाद पटेल अध्यक्ष पाटसेंद्री परिक्षेत्र द्वारा 51,111 रुपए, इसी तरह बलिराम पटेल अध्यक्ष केदुवां परिक्षेत्र द्वारा 51,111 रुपए, रूपलाल नायक अध्यक्ष चट्टीगिरोला परिक्षेत्र के द्वारा 51,111 रुपए, हृदय राम नायक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चारभांटा द्वारा 51111 रुपए, भोलानाथ नायक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सरायपाली द्वारा 51111रुपए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल द्वारा (स्व गंगा मोती की स्मृति में) 51111रुपए एवं संयोजक डोलचंद पटेल के द्वारा 1,01000 रुपए शामिल है। इस तरह पांच परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, संयोजक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के द्वारा 4,07666 की सहयोग राशि अघरिया धाम पैता के लिए अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल को प्रदान की गई।




